फार्म संख्या:. सप्र/04/पीएफसी/अन्य संस्थान

## संयुक्त सहमति पत्र का प्रारूप

---

**अपने प्रबंधकों एवं कर्मचारियों के लिए 'प्रयास फाउंडेशन कोर्स' के संचालन एवं प्रबंधन करने के इच्छुक अन्य संस्थानों के लिए प्रदत्त संयुक्त सहमति पत्र का प्रारूप**

**दिनांक --------------------माह --------------वर्ष------------------को हस्ताक्षरित, प्रयास फाउंडेशन कोर्स (समेकित व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम) के संचालन एवं प्रबंधन हेतु प्रयास व्यक्तित्व विकास सेवा प्राइवेट लिमिटेड एच -19 चतुर्थ चरण, राप्ती नगर गोरखपुर (उ.प्र) 273013 (इसके बाद मात्र 'प्रयास' कहा गया है ) तथा -----------------------------------------------------------पता ------------------------------- (इसके बाद मात्र संस्थान लिखा गया है), के लिए सहमति पत्र**

इस सहमति पत्र की शर्तें निम्न हैं ।

### अ: संस्थान की जिम्मेदारियां एवं कर्तव्य

'संस्थान" प्रयास फाउंडेशन कोर्स के संचालन एवं प्रबंधन करने से सम्बंधित निम्न शर्तों से सहमत है और इनके अनुसार अपनी सभी जिम्मेदारियॅा पूरी ईमानदारी से निभायेगा ।

1. संस्थान डिजिटल माध्यम (उपलब्ध लिंक) या खाता स्थान्तरण द्वारा मात्र 500 (पांच सौ) रूपये की पंजीकरण राशि जमा करके स्वयं को' प्रयास 'के गतिविधि भागीदार-अन्य संस्थान' के रूप में पंजीकृत कराएगा।
2. संस्थान 'प्रयास' के तकनीकी मार्गदर्शन में अपने प्रबंधकों एवं कर्मचारियों या अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए अपने यहाँ बच्चों एवं वयस्कों के लिए' प्रयास फाउंडेशन कोर्स 'का संचालन एवं प्रबंधन करेगा।
3. इस कोर्स की सामान्य अवधि 6 माह है बशर्ते सप्ताह में 6 दिन प्रतिदिन 90 मिनट का सत्र चले। यदि इसमें प्रतिभागियों या संस्थान की सुविधानुसार कोई परिवर्तन किया जाता है तो यह अवधि में परिवर्तन हो सकता है परन्तु इसके लिए 'प्रयास' की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी।
4. सरकारी संस्थान एक बैच के लिए अपने तीन प्रबंधकों का नामांकन प्रशिक्षण हेतु करेगा तथा इन्हें इस कोर्स के इसके संचालन और प्रबंधन तथा मार्गदर्शन के लिए 'प्रयास' द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण वेबिनर के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।
5. सफलतापूर्वक यह प्रशिक्षण पूर्ण कर लेने के बाद उन्हें व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के रूप में मान्यता दी जायेगी।
6. नामित प्रबंधक इन्टरनेट कनेक्शन वाला एक स्मार्ट फ़ोन हमेशा अपने पास रखेगा ताकि उसे 'प्रयास' द्वारा सभी आवश्यक सूचनाये एवं प्रपत्र ईमेल या व्हात्सप या अन्य डिजिटल माध्यमो द्वारा त्वरित गति से प्रेषित की जा सकें। इसी फ़ोन से वह यह कोर्स भी चलाएगा।
7. यह कोर्स मात्र आठवी तथा उसके ऊपर के छात्रों एवं 13 वर्ष के ऊपर से बच्चों एवं अन्य व्यक्तियों के लिए संचालित किया जायेगा।
8. इस कोर्स के लिए बच्चों का एक बैच बनाते समय यह ध्यान रखा जाएगा कि उसमें शामिल प्रतिभागियों की आयु में एक वर्ष से अधिक का अन्तर न हो। वयस्कों के मामले

में 25 वर्ष से 60 वर्ष, 60 वर्ष के ऊपर और 75 वर्ष तक और 75 से अधिक आयु से व्यक्तियों के लिए अलग अलग समूह बनाए जायेगें।

9. किसी एक बैच के एक बार आरम्भ हो जाने के बाद उस बैच में किसी नए प्रतिभागी का प्रवेश नही लिया जाएगा। नए प्रतिभागी का प्रवेश अगले बैच या किसी अन्य समानांतर बैच में ही हो सकता है।
10. एक बैच में प्रतिभागियों की सख्या 15 होगी। 75 वर्ष के ऊपर के प्रतिभागियों के मामले में अधिकतम संख्या मात्र 10 होगी।
11. किसी बैच में प्रबंधक एवं कर्मचारी एक साथ नहीं मिलाये जायेगें और उनके लिए अलग अलग बैच बनाये जायेगें। बहुत वरिष्ट और कनिष्क प्रबंधक भी एक साथ नहीं रखे जायेगें ।
12. इस कोर्स के लिए प्रति कार्यदिवस को प्रति बैच 90 मिनट के अतिरिक्त समय की व्यवस्था संस्थान करेगा। किसी कारणवश कोर्स के बिलम्बित होने पर आवश्यकतानुसार इसे कुछ दिनों के लिए प्रतिदिन दो घंटा या उससे से भी अधिक समय चलाने की व्यवस्था करेगा।
13. यदि किसी कारणवश सम्बंधित प्रबंधक कोर्स का संचालन नहीं कर सकता तो सस्थान पूर्व प्रशिक्षित (दो अतिरिक्त प्रबंधक में से एक) प्रबंधक इसके संचालन एवं प्रबंधन के लिए उपलब्ध कराएगा और इसकी समाप्ति सुनिश्चित करेगा।
14. विचारमंथन हेतु एक बार में 10 प्रश्नोत्तर ईमेल से भेजे जायेगें और वह आवश्यकतानुसार प्रिंट करके विचारमंथन हेतु उनका उपयोग करेगा या डिजिटल फॉर्म में ही इस्तेमाल करेगा और इनकी हार्ड कॉपी नहीं भेजी जायेगी। लेकिन यह उसकी जिम्मेदारी होगी कि पांच प्रश्न बचे रहते ही वह अतिरिक्त प्रश्नों की मांग करे।
15.
16. मार्गदर्शक प्रतिदिन प्रतेक प्रतिभागी को अपनी रूचि के विषय विन्दु पर एक पृष्ट लिखकर ऐप पर पोस्ट करने को कहेगा और प्रतिदिन सभी प्रतिभागियों से इसकी पुष्टि करके ही विचारमंथन प्रक्रिया आरम्भ करेगा। ये पृष्ट संबंधित प्रतिभागी के फोल्डर में सुरक्षित रखें जाएगें और ये फोल्डर कोर्स की समाप्ति के 15 दिन पूर्व अवश्य उपलब्ध कराये जायेगें।
17. मार्गदर्शक कोर्स के संचालन से तरीकों, पाठ्यक्रम और उपयोगिता के सम्बन्ध में प्रतिभागियों से लिखित प्रतिपुष्टि प्राप्त करके 'प्रयास' को उपलब्ध कराएगा।
18. इस कोर्स का प्रति प्रतिभागी कुल शुल्क मात्र 5000 (पांच हजार) रूपये है जिसका 30% हिसा प्रयास को अग्रिम भुगतान करना पडेगा। बाकी में से सस्थान इस कोर्स को चलाने वाले प्रबंधक को मानदेय आदि देगा।
19. 'प्रयास' के अधिकृत अधिकारी डिजिटल माध्यम से किसी भी बैच के किसी के विचारमंथन सत्र में भाग लेकर यह देखने के लिए स्वतंत्र है कि कोर्स को कैसे चलाया जा रहा है और इसमें संस्थान या उसके किसी प्राधिकारी द्वारा कोई भी व्यवधान नहीं उत्पन्न किया जाएगा। वें अपना सुझाव सस्थान तथा 'प्रयास' को दे सकतें हैं।

**ब: 'प्रयास' की जिम्मेदारियां एवं कर्तव्य**

'प्रयास' स्वेच्छा से **प्रयास फाउंडेशन कोर्स** के संचालन एवं प्रबंधन से सम्बंधित निम्न शर्तों से सहमत है और निर्धारित शुल्क प्राप्त हो जाने के बाद इनके अनुसार अपनी जिम्मेदारी निभायेगा।

1. संस्थान का पंजीकरण करेगा और उसके किये एक विशिष्ट कूट संख्या आवंटित करेगा जिसका उपयोग वह सभी पत्रचार आदि में करेगा।
2. संस्थान द्वारा नामित प्रबंधकों को विचारमंथन प्रक्रिया के संचालन, एवं प्रतिभागियों को दैनिक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण वेबिनर के माध्यम से प्रदान करेगा जो निशुल्क होगा।
3. एक बार में 10 प्रश्नोत्तर विचारमंथन हेतु ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराएगा यह जिम्मेदारी शैक्षणिक सस्थान की होगी कि 5 प्रश्नों पर विचारमंथन शेष रहते ही वह अतिरिक्त प्रश्नों की मांग 'प्रयास' से संबंधित क्षेत्र प्रबंधक से माध्यम से करे।
4. 'प्रयास' यह सुनिश्चित करेगा कि विचारमंथन हेतु प्रश्नों की कमी न पड़े।
5. प्रतिभागियों से प्राप्त प्रतिपुष्टियों के आधार पर पाठयक्रम का समय समय पर अद्यतीकरण करेगा।
6. कोर्स के दौरान दो बार (आरंभ एवं अंत में) प्रतेक प्रतिभागी कम वय्क्तिताव परीक्षण करके उसकी व्यक्तित्व विकास रपट बनाकर ईमेल करेगा।
7. इस चक्र से पूरा होते ही इस कोर्स किसी एक बैच के सम्बन्ध में 'प्रयास' की जिम्मेदारी समाप्त हो जायेगी।

उपरलिखित शर्तों में परस्पर विचार विमर्श से परिवर्तन किया जा सकता है।

---

| | |
|---|---|
| संस्थान द्वारा अधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर<br>-------------------------------------<br>पिता का नाम<br>(पता के सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न)<br>--------------------------------- | कृते प्रयास व्यक्तित्व विकास सेवा (प्रा) लि, गोरखपुर |
| गवाह का नाम एवं हस्ताक्षर<br>पूरा पता (सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न) | गवाह का नाम एवं हस्ताक्षर<br>पता (सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न) |